सत्तर लाख की अवैध शराब सहित दो तस्कर दबोचे

आरोपी चिप्स के कार्टूनों की आड में शराब के 580 कार्टन पंजाब से गुजरात ले जा रहे थे

जयपुर। राजधानी की दौलतपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक कंटेनर में भरी अवैध शराब के 580 कार्टून सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त की गई अवैध शराब की बाजार कीमत सत्तर लाख रुपये आंकी गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि दौलतपुरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले गुरवीर सिंह (29) निवासी ममघोट जिला फिरोजपुर (पंजाब) व जसवीर सिंह (36) निवासी लखाकेबराम जिला फिरोजपुर (पंजाब) को नाकाबंदी के दौरान एनएच 48 एक्सप्रेस वे से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से ट्रक कंटेनर में भरी अवैध शराब के 580 कार्टन बरामद किए है। इस शराब की बाजार कीमत सात लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपी चिप्स के कार्टूनों के आड़ में शराब की तस्करी कर रहे थे। यह शराब पंजाब से गुजरात सप्लाई होने जा रही थी। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन 'क्लीन स्वीप' के तहत तुंगा एवं रामगंज इलाके में कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से स्मैक 25 ग्राम 30 मिलीग्राम, बिक्री की राशि 50 हजार रुपये एवं 1 चौपहिया वाहन बरामद किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि आरोपी विशाल चौधरी, मुकेश जाट और आफताब को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 25 ग्राम 30 मिलीग्राम, बिक्री की राशि 50 हजार रुपये एवं 01 चौपहिया वाहन जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपित विशाल चौधरी और मुकेश जाट यह मादक पदार्थ शकील निवासी सब्जी मंडी टोंक निवासी से खरीद कर लाए है। जिसके 50 हजार रूपये की राशि खरीद में शेष रह जाना बताया। आरोपी यह स्मैक अपने गांव और आस पास में छोटे-छोटे टोकन बनाकर बेचते थे। वहीं गिरफ्तार आरोपित आफताब खान यह मादक पदार्थ स्मैक मनीष निवासी विद्याधर नगर जयपुर से 2800-2900 रुपये प्रति ग्राम में खरीद कर लाता है। इसके बाद छोटे-छोट टोकन बनाकर प्रति टोकन 300 रुपये में बेच देता है। आरोपी ने स्मैक के करीब 25 टोकन बनाना और उनसे करीब 6200-6300 रुपये प्रति ग्राम कमाना बताया। गिरफ्तार आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ स्मैक के सप्लायर एवं खरीददार के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ चल रही है।

गांजा तस्करी करने वाला पकड़ा

जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कानोता

- **पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौ किलो आठ सौ ग्राम गांजा जब्त किया**

थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौ किलो आठ सौ ग्राम गांजा सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्कर जीतू योगी निवासी कानोता को गिरफ्तार किया है। उसके पास से नौ किलो आठ सौ ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी से और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

महिलाओं ने राजस्थान के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर अपने विचार साझा किए

महिला दिवस से पहले फैडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा होटल हिल्टन में राजस्थान रिवील्ड थ्रू विमेंस पर्सपेक्टिव विषय पर कोलोक्वियम का आयोजन किया गया।

जयपुर, (का.सं.)। महिला दिवस से पहले फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा होटल हिल्टन में राजस्थान रिवील्ड थ्रू विमेंस पर्सपेक्टिव विषय पर कोलोक्वियम का आयोजन किया गया। इस चर्चा में विभिन्न पृष्ठभूमि की महिलाओं ने राजस्थान के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर अपने विचार साझा किए। पैनल में वकील एवं डायरेक्टर, राजस्थान टूर्स, अदिति सिंह; पार्टनर, वी.एस. शेखावत एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, सीए चित्रांगदा शेखावत; चार्टर्ड अकाउंटेंट और डायरेक्टर, पचार ग्रुप ऑफ होटल्स, राधिका चौहान; आर्टिस्ट, रोहिणी सिंह और कंसल्टिंग साइकोलॉजिस्ट, फाउंडर, राहत काउंसलिंग सर्विसेज, एना खान शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन एफएचटीआर के संयुक्त सचिव, तरूण बंसल ने किया।

कोलोक्वियम में चर्चा की शुरुआत वकील एवं डायरेक्टर, राजस्थान टूर्स, अदिति सिंह ने की। उन्होंने हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म इंडस्ट्री उद्योग में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे रोजगार योग्यता के लिंग अनुपात, रूढ़िवादिता और लैंगिक असमानता के बारे में बात की। अदिति ने द्रौपदी मुर्मू, वसुंधरा राजे, दीया कुमारी और गायत्री राठौड़ जैसी महिला लीडर्स का उदाहरण देते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि महिलाएं स्वतंत्र रूप से विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने में सक्षम हैं।

आर्टिस्ट, रोहिणी सिंह ने महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता के साथ-साथ फिनिशिंग और प्रिंटिंग जैसे कला कार्यों के पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाओं को प्रोत्साहन के बारे में बात की। वहीं पैनल स्पीकर में से एक, चार्टर्ड अकाउंटेंट और पचार ग्रुप ऑफ होटल्स की निदेशक, राधिका चौहान ने इस बारे में बात की कि कैसे महिलाएं शुरू से ही मेनस्ट्रीम आर्टिस्ट रही हैं, जब अपनी पारंपरिक कला और कौशल के माध्यम से आजीविका बनाने की बात आती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इन महिला कलाकारों के सामने बड़ी चुनौतियां पूंजी की आवश्यकता और अपनी कला एवं शिल्प का विपणन करना है। इस अवसर पर एफएचटीआर के प्रेसिडेंट ऑनर, भीम सिंह; एफएचटीआर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह शाहपुरा; एफएचटीआर के उपाध्यक्ष, खालिद खान; एफएचटीआर के उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह पचार और एफएचटीआर के महासचिव, वीरेंद्र सिंह शेखावत; राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) के अध्यक्ष, महेन्द्र सिंह राठौड़ भी उपस्थित थे।

चिकित्सा मंत्री की पहल पर बरसों से लंबित प्रकरणों का निस्तारण

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह की पहल पर वर्षों से लंबित स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है। इससे चिकित्सा के क्षेत्र में करियर के इच्छुक युवाओं को नर्सिंग शिक्षा के लिए बेहतर अवसर मिल सकेंगे। उनके लिए रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण होगा।

उल्लेखनीय है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगभग 7 साल बाद वर्ष 2022 में निजी क्षेत्र में नवीन नर्सिंग संस्थानों की स्थापना के लिए

- **नर्सिंग शिक्षा के लिए युवाओं को मिलेंगे बेहतर अवसर, स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण होगा**

विज्ञप्ति जारी की गई थी, लेकिन उस पर यथोचित निर्णय तथा गंभीरतापूर्वक काम नहीं होने से नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सका। इस संबंध में कई वाद न्यायालय में भी दायर हुए और कानूनी पेचीदगियों में फंसने के चलते नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना नहीं हो सकी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह के ध्यान में यह प्रकरण आने के बाद उन्होंने इस पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही प्रारंभ की।

इसके बाद न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में लगातार विभागीय बैठकें आयोजित कर न्यायिक प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि इससे नर्सिंग शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार होगा और आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी।

दो दोस्तों का अपहरण कर पांच लाख की फिरौती वसूली

जयपुर। एयरपोर्ट इलाके में दो दोस्तों का अपहरण कर 5 लाख रुपए की फिरौती वसूलने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अपहरण करने वाले बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सवाई माधोपुर निवासी हेमंत और सचिन का अपहरण कर फिरौती वसूलने का मामला दर्ज हुआ है। 24 फरवरी को दोनों जयपुर आए थे। सिद्धार्थ नगर में दोनों दोस्त अपने परिचित वीर सिंह मीना के घर रुके थे। 27 फरवरी को हेमंत और सचिन के परिचित राहिल खां ने कॉल कर बातचीत की। इसके बाद मिलने के बहाने अपने दोस्त साहिल के साथ जयपुर आ गया। 28 फरवरी को शाम साहिल और राहिल मिलने आए। आरोपियों ने नाहरगढ़ घूमने के बहाने चीलगाड़ी रेस्टोरेंट के पास बुलाया। मिलने जाने पर दोनों आरोपियों ने अपने साथियों को कार लेकर बुला लिया। कार लेकर आए बदमाशों ने हेमंत और सचिन को किडनैप कर लिया। इसके बाद दोनों का मोबाइल छीनकर बैंक अकाउंट से 73 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। आरोपियों ने धमकाया कि 5-5 लाख रुपए रुपए देने पर ही छोड़ेंगे। दोनों दोस्तों से मारपीट कर परिजनों को कॉल कर 5 लाख रुपए की फिरौती मंगवाई। परिजनों को कॉल कर 5 लाख रुपए मंगवाकर साहिल को दिलवाए।

पचास लाख रुपये की फिरौती मांगने वाला बदमाश यूपी से पकड़ा

जयपुर। राजधानी की बनीपार्क थाना पुलिस ने पचास लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले एक वांछित आरोपी को उत्तर प्रदेश से दस्तयाब कर ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस को सुपुर्द किया है। पुलिस प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने अपने पूर्व प्रकरण में साथी अपराधियों की जमानत कराने के लिए व्यापारी को धमकी दी थी। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बनी पार्क थाना पुलिस ने पचास लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले एक वांछित आरोपी गोकुल साहू निवासी इन्दरगढ़ जिला दतिया मध्य प्रदेश को उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

आरोपी गोकुल साहू ने 28 फरवरी को बनीपार्क क्षेत्र में निवासी पीड़ित मोहन लाल आडवाणी को पूर्व में उसके बेटे का अपहरण कर फिरौती लेने के आरोप में गिरफ्तार पुष्पेन्द्र एवं दीपक उर्फ बाबा की जमानत कराने एवं देख लेने की धमकी दी। जिस पर ट्रांसपोर्ट नगर थाने में दर्ज मामले में वांछित आरोपी गोकुल साहू को दस्तयाब कर ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस को सुपुर्द किया है। आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर नौ दिसम्बर 2021 को ट्रांसपोर्ट नगर पीड़ित के बेटे विनोद आडवाणी का अपहरण कर देवगढ़ किला मध्य प्रदेश पर ले गये थे। उस समय आरोपियों ने फिरौती के 50 लाख रुपये मांगे। परन्तु किले पर वन विभाग के आदमी पहुंच गये।जिसके कारण फिरौती की रकम उनको नहीं मिल सकी। इसके कुछ दिन बाद में आरोपियों ने 10 लाख रुपये की मांग की और कहा नहीं देने पर उसके बेटे को दुबारा उठाकर ले जाएगे। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व में पुष्पेन्द्र साहू व दीपक उर्फ बाबा नायक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपी गोकुल साहू वांछित चल रहा था। जो पीड़ित मोहन लाल आडवाणी को फोन पर अपने साथियों की जमानत कराने एवं देख लेने की धमकी दी।

युवक की सिर फोड़कर हत्या करने वाला गिरफ्तार

जयपुर। राजधानी के मुरलीपुरा इलाके में कहासुनी के बाद एक युवक की सिर फोड़कर हत्या करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि रामेश्वर धाम मुरलीपुरा निवासी राजेश शर्मा (40) की हत्या हुई है, जो आरओ सर्विस का काम करता था। गुरुवार को वह मुरलीपुरा स्थित तंदूरी नाइट्स बार में गया था। बीयर बार में किसी बात को लेकर पास की टेबल पर बैठे दो लड़कों से कहासुनी हो गई। इस दौरान झगड़ा होने पर दोनों लड़कों ने उससे हाथापाई कर दी। मारपीट होने पर बीयर बार के कर्मचारियों ने उन्हें बाहर निकाल दिया। बार के बाहर गली में दोनों लड़कों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर राजेश शर्मा से मारपीट कर दी। सिर में चोट लगने पर राजेश नीचे गिर गया। रोड किनारे पड़ा छोड़कर सभी आरोपी वहां से चले गए। परिजनों को बीयर बार के बाहर राजेश के पड़े होने का पता चला। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसे अचेतावस्था में कांवटिया

- **मुरलीपुरा स्थित तंदूरी नाइट्स बार में किसी बात को लेकर पास की टेबल पर बैठे दो लड़कों से कहासुनी हो गई थी।**

हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मेडिकल सूचना पर पहुंची पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक के भाई योगेन्द्र शर्मा ने अज्ञात लड़कों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक अमित यादव निवासी सिरसागंज जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश हाल मुरलीपुरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित से पूछताछ में सामने आया है कि छींटाकशी से आहत होकर उन्होंने मृतक राजेश कुमार शर्मा को रेस्टोरेंट के पीछे की तरफ बुलाया और गली में नीचे गिराकर मारपीट कर हत्या कर दी।

कलयुगी बेटे ने मां को झांसे में लेकर मकान बेचा

जयपुर। बनीपार्क इलाके में कलयुगी बेटे ने मां को झांसे में लेकर मकान बेच दिया। मामले का पता लगने पर पीड़िता ने कोर्ट की मदद से बेटे और दो अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार शास्त्री नगर इलाके में रहने वाली सईदन बेगम (80) ने मामला दर्ज करवाया कि उसका बेटा उसे सरकार से मिल रही 1 हजार रुपए की पेंशन को बढ़ाकर 1 हजार 500 करने की बात कह कर कलेक्ट्री लेकर गया था। जहां कुछ दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाया। इसके बाद बेटा और अन्य दो लोग उसे घर छोड़ कर चले गए थे। 18 जनवरी 2023 को उनका बेटा रफीक, पड़ोसी नफीस खान और आसिफ के साथ कलेक्ट्री लेकर गए थे। उन्होंने कागजों पर अंगूठा लगवाया। उसी दिन आरोपियों ने मकान की रजिस्ट्री करवा दी। 6 जनवरी 2024 को आसिफ घर आया और घर खाली करने की बात कही। इसके बाद हम जगह-जगह चक्कर काटते रहे। 31 जनवरी को शास्त्री नगर थाने पहुंचे, लेकिन मामला दर्ज नहीं हुआ। अब कोर्ट के जरिए 1 मार्च को केस बनीपार्क थाने में दर्ज हुआ है।

शिक्षा क्षेत्र में विकसित भारत के अवसरों पर चर्चा

जयपुर। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस ऑन इनोवेशन एंड नॉलेज मैनेजमेंट के दूसरे दिन शनिवार को तकनीकी सत्र में शिक्षा क्षेत्र में विकसित भारत के अवसर पर सारगर्भित चर्चा की गई। इस सत्र की अध्यक्षता सुबोध जैन पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ नीलकमल पुरोहित ने की।

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी की ओर से तकनीकी सत्र में शिक्षा क्षेत्र में विकसित भारत के अवसर पर सारगर्भित चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता द इन्सिटयूट ऑफ़ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष हरेंद्र पारीक थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य में सर्वाधिक प्रभावी भूमिका मानव संसाधन, विशेषकर युवाओं को होगी। समग्र शिक्षा अभियान, उच्च शिक्षा संस्थानों का विस्तार, कौशल विकास जैसे कार्यक्रम तथा नीतियों के कारण समाजार्थिक बुनियादी ढांचा व्यापक हुआ है। शिक्षा राष्ट्र की उन्नित की आधारशिला है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा, किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार, निस्संदेह इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। 2047 तक, भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाएगा। हमें एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की कल्पना करनी चाहिए जो सभी भारतीयों को सशक्त बनाए, समावेशी विकास को बढ़ावा दे और उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करे।

इस अवसर पर विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के एक दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने इनोवेशन एंड नॉलेज मैनेजमेंट पर अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये। कार्यशाला के समापन सत्र के मुख्य अतिथि राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड के चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर दीप्तांशु पारीक थे। समापन सत्र में यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट सुरेश चंद्र पाधे, प्रो प्रेसिडेंट डॉ मनोज गुप्ता, रजिस्ट्रार चांदनी कृपलानी और डीन डॉ सुनील गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कांफ्रेंस की संयोजक डॉ मोनिका खत्री, डॉ उर्वशी भाम्भू और डॉ गौरव मालपानी,आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ मुक्तक व्यास, सोनिका पारासर आदि ने कार्यशाला के आयोजन विषयक जानकारी दी। कांफ्रेंस में बेस्ट रिसर्च पेपर्स प्रस्तुतकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया।

सार-समाचार

नेटथियेट पर सैक्सोफोन फ्यूजन

जयपुर। नेटथियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज लॉस एंजिल्स केलिफोर्निया यूएसए के सैक्सोफोन कलाकार जॉन मैक्ग्राथ ने सैक्सोफोन पर अपने स्वर छेड़े तो दर्शक झूम उठे। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि चार साल पहले इस आभासी रंगमंच की परिकल्पना रंगकर्मी अनिल मारवाड़ी ने की थी। जिस पर अब तक 250 से अधिक प्रस्तुतियों में 800 से अधिक कलाकार ने सहभागिता निभाई है। इसी क्रम में यूएसए से पधारे जॉन ने जब सैक्सोफोन पर पाश्चात संगीत बजाया तो युवा वर्ग वाह वाह कर झूमने लगा उन्होंने सुरीले वाद्य सैक्सोफोन पर वेस्टर्न धुने ही बजाई और दर्शकों को बांधे रखा। कलाकार जॉन ने राजस्थानी संगीत के जाने माने कलकारों के साथ फ्यूजन भी किया। आपके साथ तबले पर राजस्थान के सुप्रसिद्ध तबला वादक प्रेम शर्मा और हारमोनियम पर सबके चहेते कलाकार शेर खांन ने विदेशी कलाकार के साथ ऐसे देसी तड़का लगाया कि सभी फ्यूजन के दीवाने हो गए। कैमरे पर मनोज स्वामी, प्रकाश सागर गढवाल, संगीत संयोजन तपेश शर्मा, मंच सज्जा पुनम चौधरी, अंकित शर्मा नोनू एवं जिवितेश शर्मा की रही।

नवजात को कचरे में फेंका

जयपुर। प्रताप नगर में कचरे के ढेर में एक नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया और इस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रतापनगर निवासी सुजीत कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि किसी ने 3-4 माह के नवजात को सेक्टर-18 ड्रीम होटल के पास कचरे में फेंक दिया। शिशु मृत अवस्था में था। शिशु एक सफेद कपड़े में लिपटा हुआ था। घटना एक मार्च की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

वैदिक मंत्रों के प्रभाव पर मंथन 5 मार्च से

जयपुर, (का.सं.)। वैदिक मंत्रों का मानव जीवन पड़ने वाले प्रभाव को लेकर दो दिनों की संगोष्ठी जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में होगी। संगोष्ठी संयोजक डॉ. देवेंद्र शर्मा ने बताया कि 5 और 6 मार्च को होने वाली संगोष्ठी में वाराणसी, भोपाल और बेंगलूरु सहित विभिन्न क्षेत्रों से अनेक विद्वान शामिल होंगे। कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे की अध्यक्षता में होने वाली वेद-संगोष्ठी का उद्घाटन सांसद रामचरण बोहरा करेंगे। विश्वविद्यालय प्रवक्ता शास्त्री कोसलेंद्रदास ने बताया कि मंत्रों से सिद्धि की प्राप्ति और उनके उच्चारण को लेकर वैदिक स्वर प्रक्रिया सहित विभिन्न विषयों पर प्रो. रामानुज उपाध्याय (वाराणसी), प्रो. प्रभाकर प्रसाद (नई दिल्ली), प्रो. वीरनारायण पांडुरंगी (बेंगलूरु) और प्रो. रमाकांत पांडेय (भोपाल) सहित अनेक संस्कृत विद्वान व्याख्यान देंगे। मंत्रों के उच्चारण के साथ ही उनका प्रायोगिक स्वरूप भी प्रस्तुत किया जाएगा।

एयरपोर्ट पर यात्रियों ने हंगामा किया

जयपुर। पश्चिम विक्षोभ के चलते देशभर में मौसम बदलने का असर हवाई यातायात पर देखने को मिल रहा है। खराब मौसम के चलते जयपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट समय पर उड़ान नहीं भर पाई तो यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया। इसके बाद उड़ान सेवा वाले प्रशासन ने यात्रियों को बस और कैब के माध्यम से गतंव्य के लिए रवाना किया। शनिवार को जयपुर से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स -769 अपने निर्धारित वक्त पर दिल्ली के लिए उड़ान नहीं भर सकी। इसके बाद यात्रियों ने जयपुर एयरपोर्ट पर हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, मुंबई से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को भी खराब मौसम की वजह से जयपुर डायवर्ट किया गया।

जयपुर पुलिस आयुक्त ने विद्याधर नगर थाने में जनसुनवाई की

जयपुर। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने शनिवार को विद्याधर नगर थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा डूडी, सहायक पुलिस उपायुक्त उत्तर द्वितीय बजरंग सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस सकारात्मक पहल से आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए सभी थानों में भी प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। यही नहीं जनसुनवाई के बारे में औचक

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी।

निरीक्षण कर जानकारी भी ली जा रही है। आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक व जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, ट्रैवल कंपनियों के द्वारा फर्जीवाड़ा, अवैध रूप से रहे किरायेदार, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस थाना शास्त्रीनगर, विद्याधर नगर, भट्टाबस्ती, कोतवाली, जालूपुरा, संजय सर्किल एवं

- **समस्याएं सुनकर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए**

नाहरगढ क्षेत्र के परिवादियों के साथ-साथ समस्त उत्तर जिले के थानों तथा जयपुर कमिश्नरेट के अन्य जिलों के परिवादियों द्वारा अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया।

आयुक्त ने इससे पहले शिप्रापथ, कानोता और करधनी थाने में जनसुनवाई कर आयुक्त ने सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिए गए।

बेकाबू होकर बाइक बस से टकराई, युवक की मौत

जयपुर। दिल्ली रोड पर खोले के हनुमान जी मंदिर के पास शनिवार सुबह एक बाइक बेकाबू होकर बस के साइड में जा टकराई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक युवक घायल हो गया। हादसे के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। मामले की जांच दुर्घटना थाना उत्तर पुलिस कर रही है। हादसे के बाद फरार बस और चालक की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। पुलिस के अनुसार जयसिंहपुरा खोर निवासी दो सगे भाई घर से काम करने के लिए सांगानेर जा रहे थे। सुबह करीब 9 बजे दिल्ली रोड पर शनि मंदिर के सामने उनकी बाइक सामने से आ रही बस के साइड में जा टकराई। हादसे में 24 वर्षीय लक्खी सिंधी और उसका भाई प्रकाश सिंधी घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर लक्खी सिंधी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दिल्ली रोड पर चल रहे काम के चलते यह रोड वन वे है। आज सुबह करीब 9 बजे एक बाइक बस के साइड में जा टकराई।